देहरादून (उत्तराखण्ड)
बृहस्पतिवार 23.10.2025
समय 0720

मुख्य समाचार :–

- श्री केदारनाथ और श्री यमुनोत्री धाम के कपाट आज भैया दूज के अवसर पर शीतकाल के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद किए जाएंगे। कपाट बंद करने की प्रक्रिया जारी।
- श्री केदारनाथ धाम में 17 लाख 45 हजार और यमुनोत्री धाम में 6 लाख 44 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने किए दर्शन।
- राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर देहरादून स्थित सैन्य धाम का लोकार्पण कार्यक्रम प्रस्तावित।
- और... केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने रासायनिक आपात प्रबंधन पर तीन नए मॉड्यूल जारी किए।

श्री केदारनाथ/यमुनोत्री धाम

श्री केदारनाथ और श्री यमुनोत्री धाम के कपाट आज भैया दूज के अवसर पर शीतकाल के लिए श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ बंद किए जाएंगे।

केदारनाथ मंदिर के कपाट आज सुबह 8 बजकर 30 मिनट पर वैदिक मंत्रोच्चार और विधि–विधान के साथ बंद होंगे। कपाट बंद करने की प्रक्रिया सुबह 4 बजे से जारी है। कपाट बंद होने के बाद बाबा केदार की पंचमुखी चल उत्सव विग्रह डोली धाम से अपने शीतकालीन गद्दीस्थल ऊखीमठ स्थित ओंकारेश्वर मंदिर के लिए प्रस्थान करेगी। यह डोली रात्रि प्रवास के लिए अपने पहले पड़ाव रामपुर पहुंचेगी। विभिन्न पड़ावों से होते हुए डोली 25 अक्टूबर को अपने शीतकालीन गद्दीस्थल ऊखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर में विराजमान होगी। इसके बाद अगले छह माह तक बाबा केदार के भक्त ऊखीमठ में अपने आराध्य के दर्शन कर पूजा–अर्चना कर सकेंगे।

श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के मीडिया प्रभारी डॉ. हरीश चंद्र गौड़ ने बताया कि केदारनाथ धाम में इस वर्ष कपाट खुलने के बाद से अब तक 17 लाख 45 हजार से अधिक शिव भक्तों ने दर्शन किए हैं। धाम में मौजूद वरिष्ठ तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती और केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी ने बताया कि इस वर्ष यात्रा बहुत ही सौहार्दपूर्ण और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई, जो अत्यंत सुखद है।

उधर, उत्तरकाशी स्थित यमुनोत्री धाम के कपाट बंद करने की तैयारियाँ भी जोर–शोर से जारी हैं। दोपहर 12 बजकर 30 मिनट पर कपाट बंद होने के बाद डोली अपने शीतकालीन गद्दीस्थल खरसाली के लिए

रवाना होगी। अब अगले छह माह तक श्रद्धालु खरसाली में मां यमुना के दर्शन कर सकेंगे।

सैन्यधाम

राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती के अवसर पर सैन्य धाम का लोकार्पण प्रस्तावित है। सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने देहरादून के गुनियालगांव स्थित निर्माणाधीन सैन्य धाम के कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए यह जानकारी दी। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत में श्री जोशी ने बताया कि 9 नवम्बर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संभावित उत्तराखंड दौरे के अवसर पर सैन्य धाम के लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन प्रस्तावित है।

सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि सैनिकों के सम्मान में विशाल सैन्य धाम का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि यह सैन्य धाम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परिकल्पना और धामी सरकार के संकल्प का परिणाम है, जिसे पूरा करने का सौभाग्य उन्हें प्राप्त हुआ है।

रेलवे

रेलवे छठ पर्व पर अगले पाँच दिनों में एक हजार पांच सौ विशेष रेलगाडियां चलाएगा। ये रेलगाडियां नियमित रेल सेवाओं के अतिरिक्त चलाई जाएँगी। रेलवे इस वर्ष छठ सहित सभी त्योहारों पर आने वाली भीड़ को नियंत्रित करने के लिए मज़बूत विशेष रेलगाड़ी सेवा चला रहा है।

आईटीआई

प्रदेश के पांच आईटीआई को जल्द ही अपग्रेड किया जाएगा। इसमें से एक आईटीआई को हब और चार अन्य को 'स्पोक के रूप में विकसित किया जाएगा। इसका उद्देश्य युवाओं को 'उद्योगों की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार प्रशिक्षित कर, उन्हें रोजगार के लिए सक्षम बनाना है। यह योजना, न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाएगी बल्कि, उत्तराखंड को एक उभरते औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र के रूप में भी स्थापित करेगी। कौशल विकास मंत्री, सौरभ बहुगुणा ने बताया कि इस तकनीकी ढांचे का लाभ यह है कि, उच्च स्तर की तकनीकी जानकारी और संसाधन एक ही स्थान पर केंद्रित रहते हैं। इससे समय, दक्षता और प्रशिक्षण का स्तर बेहतर होता है।

स्वास्थ्य मंत्रालय

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने निगरानी, अस्पताल पूर्व देखभाल और रासायनिक आपात स्थितियों में चिकित्सा प्रबंधन पर तीन मॉडयूल जारी किए हैं। केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने कल मॉड्यूल जारी किये। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि ये मॉडयूल राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र, राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन

प्राधिकरण और विश्व स्वास्थ्य संगठन के सहयोग से विकसित किए गए हैं। इनका उद्देश्य रासायनिक आपात घटनाओं के दौरान समय से और प्रभावी प्रबंधन के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य पेशेवरों और कर्मियों को आवश्यक जानकारी और कौशल से लैस करना है।

सीएम

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एक बार फिर अपनी मानवीय संवेदनशीलता और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय दिया। मुख्यमंत्री ने कोटद्वार निवासी प्रीति नेगी से दूरभाष पर वार्ता कर उनके 12 वर्षीय पुत्र सुशांत नेगी के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त की।

श्रीमती नेगी ने अपने पुत्र, जो ब्लड कैंसर से पीड़ित है, के उपचार हेतु सहायता की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को एक पत्र प्रेषित किया था। पत्र का संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ने व्यक्तिगत रूप से श्रीमती नेगी से संपर्क साधा और बालक सुशांत के उपचार की विस्तृत जानकारी प्राप्त की।

श्री धामी ने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद व्यक्ति के साथ खड़ी है और किसी भी असहाय परिवार को अकेला महसूस नहीं होने देगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार द्वारा सुशांत के उपचार में हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर बालक के उपचार के लिए यथाशीघ्र मदद उपलब्ध कराई जाए, ताकि उसके उपचार में कोई बाधा न आए।

देवरा यात्रा

चमोली जिले में देवरा यात्रा भ्रमण पर निकली 'अनुसूया देवी की डोली को कल श्रद्धालुओं द्वारा 'गोपीनाथ मंदिर से पुष्प वर्षा व जयकारे के साथ बद्रीनाथ धाम के लिए विदा किया गया। चमोली जिले की मंडल घाटी में 'पुत्रदायिनी के रूप में प्रसिद्ध खल्ला गांव की 'सती माता अनुसूया देवी' 51 वर्षों के बाद दशहरे के पर्व पर अपने गर्भगृह से बाहर आकर, 9 माह के 'देवरा यात्रा भ्रमण पर है।

और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर.....

ऑनलाइन दवाओं पर हिन्दुस्तान की सुर्खी है– दवाओं की ऑनलानइ बिक्री प्रतिबंधित होगी।

गंगोत्री धाम कपाट बंद होने की खबरों को सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता से स–चित्र प्रकासित किया है। इस खबर पर दैनिक जागरण लिखता है– गंगोत्री धाम के कपाट बुधवार को अन्नकूट पर्व पर शीतकल के लिए बंद कर दिए गये।

अमेरिका–भारत ट्रेड डील पर अमर उजाला लिखता है– अमेरिका से व्यापार समझौता जल्द, भारत पर 16 फीसदी टैरिफ संभव